मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-389
11/11/2024

# खेल की दुनिया में बिहार ने रचा इतिहास, राजगीर में मुख्यमंत्री ने एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का किया शुभारंभ

पटना, 11 नवम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज राजगीर के राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय–सह–राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का गुब्बारा उड़ाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर हॉकी खेल परिसर में सभी प्रतिभागी देशों की राष्ट्र धुन बजायी गयी। इस चैंपियनशीप में 6 देशों भारत, मलेशिया, जापान, कोरिया, चीन और थाईलैंड की महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी भाग ले रही हैं। कार्यक्रम में सभी देशों की खिलाड़ी एवं दर्शक काफी उत्साहित एवं रोमांचित दिखे। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों का हाथ हिलाकर अभिवादन स्वीकार किया। सभी देशों की महिला हॉकी कप्तानों ने मुख्यमंत्री के साथ सामूहिक तस्वीर खिंचवाई।

मुख्यमंत्री ने गैलरी का भी अवलोकन किया। सभी देशों की भाषाओं में पौराणिक राजगीर एवं विकसित बिहार का गैलरी में उल्लेख किया गया है। राज्य खेल अकादमी, गंगा जल आपूर्ति योजना, राजगीर–जू–सफारी, नेचर सफारी, कन्वेंशन सेंटर, मलमास मेला, राजगीर इंटीग्रेटेड बिल्डिंग सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी का भी गैलरी में उल्लेख किया गया है।

मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल अकादमी–सह–खेल विश्वविद्यालय परिसर में निर्मित एथलेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल मैदान का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने एथलेटिक ट्रैक एवं फुटबॉल मैदान का निरीक्षण किया। साथ ही राजगीर खेल परिसर में बने बास्केटबॉल ग्राउंड का भी मुख्यमंत्री ने मुआयना किया और आवासन एवं अन्य उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। बिहार खेल विश्वविद्यालय के कार्यालय एवं राज्य खेल अकादमी के प्रशासनिक भवन का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। इस दौरान रजिस्टार, परीक्षा नियंत्रक एवं कुलपति के कक्ष को भी देखा।

ज्ञातव्य है कि बिहार में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की 'बिहार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी' आयोजित हो रही है, जिसमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी टीम हिस्सा ले रही हैं। राजगीर खेल परिसर के हॉकी ग्राउंड में 11 नवंबर से 20 नवंबर तक इस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, हॉकी इंडिया और एशियन हॉकी फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। पहली बार बिहार में इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का होना बिहार के लिए बहुत गर्व की बात है। इस टूर्नामेंट में भाग लेनेवाली सभी टीमों और खिलाड़ियों की सुरक्षा, आवासन, स्वागत और सुविधाओं का विशेष प्रबंध किया गया है। प्रतियोगिता में आए हुए खिलाड़ियों को बिहार की गौरवशाली और समृद्ध ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासतों से अवगत कराने के लिए गया और राजगीर के आसपास की प्रसिद्ध दर्शनीय स्थलों को घुमाने की भी समुचित व्यवस्था की गयी है।

इस अवसर पर खेल मंत्री श्री सुरेंद्र मेहता, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री जितेंद्र कुमार, विधायक श्रीकृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधान पार्षद श्रीमती रीना

यादव, पूर्व विधायक श्री चंद्रसेन, पूर्व विधान पार्षद श्री राजू यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन एवं खेल विभाग के प्रधान सचिव डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के डी0जी0 श्री रविंद्रन शंकरण, खेल विभाग के निदेशक श्री महेंद्र कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त पटना श्री मयंक बरवड़े, पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा श्री विनय कुमार, पटना प्रक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक श्री शीर्षत कपिल अशोक, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण, सभी देशों से आई महिला हॉकी खिलाड़ी टीम एवं उनके कोच तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

******